an>

Title: Need to expedite the construction of dam on Mahananda sub basin in Bihar.

श्री मोहम्मद असरारुल हक (किशनगंज) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मेरा क्षेत्र किशनगंज, बिहार हिमालय के दामन में है। वहां का एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसके बारे में आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ। मेरा क्षेत्र हिमालय के दामन में है, वहां नदियों का जाल बिछा हुआ है। वहां सात बड़ी नदियां हैं, जिसमें हर साल बहुत बाढ़ आती है और दर्जनों गांव और हज़ारों एकड़ खेती की जमीन जल में विलीन हो जाती है, जिससे वहां गरीबी बढ़ रही है। पिछली लोक सभा में भी हमने इस मसले को उठाया था और उस वक्त यूपीए सरकार ने वहां पर बांध बांधने के लिए महानंदा सब बेसिन स्कीम के नाम से एक प्रोजेक्ट मंज़ूर किया था। उसका सर्वे भी मुकम्मल हो चुका है। लेकिन तब तक इलैक्शन आ गए थे। अभी तक उस प्रोजेक्ट पर काम शुरू नहीं हुआ है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मुतालबा करता हूँ कि जल्दी से जल्दी उस स्कीम पर काम शुरू किया जाए।